| | | |
|---|---|---|
| **परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**<br>**उत्तर प्रदेश पुलिस** | | **दिनांक**<br>**12-06-2025** |

# प्रेस विज्ञप्ति

- डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर सभागार में समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ की गयी अपराध गोष्ठी ।
- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिद्धार्थनगर को लगाये कड़ी फटकार।
- संबंधित को दिये आवश्यक दिशा- निर्देश ।

आज दिनांक 12.06.2025 को श्री संजीव त्यागी, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार सिद्धार्थनगर में समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण के साथ अपराध गोष्ठी की गयी । गोष्ठी के प्रारंभ में सभी थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर उनके थाना क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी । डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि थाने में आने वाले आगंतुक/ पीड़ित/फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्या/शिकायत को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण किया जाये । शासन की मंशानुसार कार्य किया जाये । जनसुनवाई पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण हो । आईजीआरएस के प्रकरणों  में व्यक्तिगत रुप से थाना प्रभारी द्वारा विशेष ध्यान रखा जाये । ग्रामों में जाकर अपराध व अपराधियों के संबंध में जानकारी किया जाये । सीएम डैशबोर्ड के सभी बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाये जिससे रैंकिंग अच्छी हो । सीएम डैशबोर्ड के मानिटरिंग के बिंदुओ क संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिद्धार्थनगगर को जानकारी न होने पर कड़ी फटकार लगायी गयी ।  पुलिस अधीक्षक को उक्त के संबंध में कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया । गोकशी के प्रकरणों में कठोर कार्यवाही करने, नेपाल सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने जिससे कोई अवैध गतिविधि न होने पाये तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने, बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु पूर्व से ही बिशेष योजना बनाने, गुमशुदा बच्चियों के संबंध में विशेष कार्ययोजना (एसओपी) बनाकर वरामदगी/कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को लापरवाह थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों पर कार्यवाही करने हेतु बताया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी, पुलिस कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के संबंधित सभी प्रभारीगण उपस्थित रहे ।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती।**